# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दो हजार चौबीस प्रदान करेंगी।
2. सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – इस फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।
3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने श्री हरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना की स्वीकृति दी।
4. अण्डमान निकोबार पुलिस के तिहत्तरवें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दोहरी पदक विजेता मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। बत्तीस खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उन्नीस जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं– 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को आज मंजूरी दे दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल दो हजार छब्बीस में समाप्त होने वाला है और आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के लिए एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति शीघ्र ही की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आठवें वेतन आयोग के फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोग को बढावा मिलेगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की, जो एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चुनाव आयोग ने कल पंचायत समिति उप–चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पंचायत समिति डिगलीपुर के अंतर्गत पश्चिम सागर निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार सुमांता बिश्वास, नबाग्राम ग्राम पंचायत डिगलीपुर के अंतर्गत नबाग्राम–एक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार देवराज पेनिका और फरारगंज तहसील के होपटाउन ग्राम पंचायत के अंतर्गत होपटाउन–एक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार फ्रैंकली विजयी रहे।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के आईटीएफ ग्राउंड में पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एमएसएमई–विकास एवं सुविधा कार्यालय की ओर से तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के यूटी प्रशासन के समन्वय से आयोजित कर रहा है। मेले के दूसरे दिन आज विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं पर तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे। इस आयोजन में स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कालापानी बैंड और अन्य समूहों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले में पहुंचे नागरिकों ने कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी को देखा और खरीदारी भी की। कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कवर किए गए 18 ट्रेडों के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को बढावा देना है।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने कल स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि को अविश्वसनीय बताया है।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षाणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए मानविकी विभाग में अतिथि प्रवक्ता की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए है। साक्षात्कार बीस जनवरी को होगा। योग्यता, साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान के अकादमिक सेल से सभी कार्य दिवसों पर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस के तिहत्तरवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से कल नेताजी स्टेडियम, मायाबंदर में एस पी–कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल सम्पन्न हुआ। बारह जनवरी को शुरू हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त नंदिनी महाराज और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र से सोलह टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पानीपर दस और बंगाल टाइगर्स के बीच रोमांचक फाइनल मैच में बंगाल टाइगर्स की जीत हुई।

उधर, इस अवसर पर निकोबार जिले में भी कल पुलिस स्थापना दिवस गर्व से मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य पुलिस बल की समृद्ध विरासत का सम्मान करना और समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करना है। सप्ताह के कार्यक्रमों का उद्घाटन करने के लिए, निकोबार जिले में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान के साथ जुड़ी हुई थी, जिसमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। जिले के सभी पांच पुलिस स्टेशनों के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने निकोबार जिले के अधिकार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, समुद्र तटों और अन्य खुले क्षेत्रों की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कृषि विभाग से मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। कृषि निदेशालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई इस बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। श्री रे ने इस बैठक में कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने फसलों में लगने वाले कीटों के प्रबंधन, डी ए पी और यूरिया उवर्रकों की आपूर्ति, किसानों के लिए सिंचाई की सुविधाओं समेत कई अन्य विषयों पर विस्तार से मंथन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय फलदार वृक्षों का संरक्षण किया जाना जरूरी है। साथ ही फलों की स्थानीय किस्मों का बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हटबे में कल सवेरे नौ बजे, दस वर्ष से चौदह वर्ष की आयु वर्ग के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की आवासीय योजना में एथलीटों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। अगले सप्ताह, इसी तरह के चयन ट्रायल नानकौड़ी द्वीप समूह में आयोजित किए जाएंगें। ये चयन ट्रायल बच्चों को जल खेलों– कयाकिंग और कैनोइंग, रोइंग में शामिल करने के लिए होंगे। वे बच्चे जो मानदंडों को पूरा करते हैं, तैराकी जानते हैं और जिला, राज्य तथा स्कूल स्तर पर पदक विजेता हैं, उन्हें चयन ट्रायल में प्राथमिकता दी जाएगी। चयन शारीरिक परीक्षणों के आधार पर होगा। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक बच्चों को दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करना चाहिए।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग उन्नीस जनवरी को सुबह छह बजे पशु कल्याण पखवाड़े के हिस्से के रूप में पशु वॉक रैली का आयोजन करेगा। यह पशु वॉक बहुत महत्व रखता है, क्योंकि यह पशु कल्याण और साहचर्य के सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। यह कार्यक्रम मरीना पार्क से शुरू होगा और फ्लैग पॉइंट पर इसका समापन होगा।

<><><><><><><>